कार्यालय पुलिस उपायुक्त,
जोधपुर पूर्व

Rajasthan Police

@dcpeastjodhpur

।। प्रेस नोट ।।

Dcp Jodhpur East

दिनांकः- 25.04.2023

- **पुलिस मुख्यालय के द्वारा चलाये गये ऑपरेशन वज्र प्रहार के तहत जिला जोधपुर द्वारा कुल 153 अपराधी गिरफ्तार**
- **I.P.L. पर करोड़ों का जुआ-सट्टा लगाने वालों के विरूद्व कार्यवाही, करोड़ों का हिसाब मिला**
- **जिला जोधपुर पूर्व द्वारा देर रात्रि में चाय की थड़ियों एवं ढाबों पर कार्यवाही**
- **अभियान के दौरान एनडीपीएस एक्ट के तहत 2 प्रकरण, अवैध पिस्टल का 1 प्रकरण तथा आबकारी अधिनियम के तहत 2 प्रकरण दर्ज किये गये**
- **अवैध हुक्काबार पर कार्यवाही, हुक्काबार संचालक सहित 5 गिरफ्तार**

पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान पुलिस आयुक्त, जोधपुर के द्वारा दिये गये निर्देशों की पालना में कल रात्रि में जिला जोधपुर पूर्व के थानों क्षेत्रों में पुलिस की 50 टीमें गठित की जाकर चाय की थड़ियों एवं ढाबों पर चैकिंग की गई, अलसुबह अपराधियों के ठिकानों पर पुलिस की टीमों द्वारा दबिशें दी गई। इस ऑपरेशन के दौरान निम्न मुकदमें दर्ज किये गये किये गये तथा कार्यवाहियां की गई -

1.*अवैध हुक्का बार के विरूद्व कार्यवाही* -

मुकदमा नंबर 110/24.04.2023 धारा 9/11 राजस्थान धूम्रपान अधिनियम पुलिस थाना मण्डोर

गिरफ्तार मुलजिमान का विवरण -

1. दुर्ग सिह पुत्र श्री अनोप सिह जाति राजपुत उम्र 21 साल निवासी गांव मणाई पुलिस थाना सुरसागर,
2. मनोहर उर्फ महेन्द्र पुत्र श्री ओमप्रकाश जाति विश्नोई उम्र 24 साल निवासी गुढा विश्नोईयान पुलिस थाना विवेक विहार जोधपुर,
3. विकास पुत्र श्री श्यामलाल जाति विश्नोई उम्र 21 साल निवासी कडवासडो का ढाणियां विनायकपुरा पुलिस थाना करवड़ जोधपुर,

4-विक्रम पुत्र श्री घेवरराम जाति विश्नोई उम्र 20 साल निवासी मंगरा नगर हाणियां खिन्दाकोर पुलिस थाना औसियां जोधपुर एवं

5-अभिषेक पुत्र सहीराम जाति विश्नोई उम्र 24 साल निवासी लेगों की ढाणीयां भेड चावण्डियां पुलिस थाना खीवसर नागौर।

2.*अवैध मादक पदार्थों के विरूद्व कार्यवाही* –

मुकदमा नंबर 196/25.04.2023 धारा 8/20, 8/15 एनडीपीएस एक्ट पुलिस थाना उदयमंदिर

बरामद माल – 150 ग्राम अफीम का दुध तथा 800 ग्राम डोडापोस्त

गिरफ्तार मुलजिमान का विवरण –

जब्बराराम उर्फ जब्बरसिंह पुत्रश्री हप्पाराम जाति विश्नोई उम्र 53 साल निवासी जालेली फौजदारा पुलिस थाना डांगियावास हाल पुरानी पुलिस लाईन, बालाजी मंदिर के पास, राईकाबाग, जोधपुर

मुकदमा नंबर 59/25.04.2023 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट पुलिस थाना डांगियावास

बरामद माल – **160 ग्राम अफीम का दुध**

गिरफ्तार मुलजिमान का विवरण –

चैनाराम उर्फ बनाराम पुत्रश्री मालाराम जाति देवासी उम्र 45 साल निवासी आसण्डा पुलिस थाना डांगियावास जोधपुर

3. *अवैध हथियारों के विरूद्व कार्यवाही* –

मुकदमा नंबर 61/25.04.2023 धारा 3/25(1बी)(ए) आर्म्स एक्ट पुलिस थाना डांगियावास

बरामद माल – 1 अवैध देशी पिस्टल

गिरफ्तार मुलजिमान का विवरण –

रमेश पुत्र श्री राजुराम जाति भील उम्र 22 साल निवासी मेघवालों की ढाणियां, बावरला, पुलिस थाना डांगियावास, जोधपुर

4. *अवैध जुआ–सट्टा के विरूद्व कार्यवाही* –

पुलिस थाना सदर कोतवाली में डीएसटी तथा क्यूआरटी जोधपुर पूर्व द्वारा आईपीएल पर जुआ–सट्टा लगाने वाले सद्दाम हुसैन पुत्रश्री कमरूद्दीन जाति मुसलमान उम्र 31 वर्ष निवासी राजमहल स्कूल के पास, गुलाबसागर रोड, जोधपुर के विरूद्व कार्यवाही कर उससे 5500 रूपये केश, लेपटॉप, मोबाईल फोन, करोड़ो रूपये का जुआ–सट्टे का हिसाब की डायरी बरामद की गई।

इसी अभियान के क्रम में आबकारी अधिनियम के तहत पुलिस थाना बनाड़ तथा करवड़ में 1–1 प्रकरण दर्ज किया गया।

इसी क्रम में **80 सक्रिय हिस्ट्रीशीटरों** को चैक किया गया तथा **12 स्थायी वारण्टों एवं 99 गिरफ्तारी वारण्टों** का निस्तारण किया गया।

आमजन से अपील:– असामाजिक तत्वों/अपराधियों को सोशल मिडीया पर **Follow/Like/Subscribe** नहीं करे। इस प्रकार **Follow/Like/Subscribe** करने वालों के विरूद्व आवश्यक विधिक कार्यवाही की जायेगी तथा यह अभियान जारी रहेगा।

पुलिस उपायुक्त
जोधपुर पूर्व

1

IMG_4766.JPG
पुलिस थाना डांगियावास
पुलिस कमिश्नरेट जोधपुर
धूम्रपान निषेध

2

IMG_4763.JPG
पुलिस थाना डांगियावास

3


WhatsApp Image 2023-04-25 at 21.35.43 (1).jpeg